देश के लिए... अव्यवस्था के खिलाफ... ™

JAWAB DO SARKAR

www.jawabdosarkar.com

(A Digital Media Initiative to promote Accountability)

जवाब दो!!! सरकार
www.jawabdosarkar.com
देश का पहला जवाबदेही पोर्टल

रेफरेंस संख्या –2021/mmp/203 | E-Newsletter, Issued in Public Interest | शनिवार, 9 अक्तूबर 2021

# जेडीए की जिस प्रवर्तन शाखा पर अवैध निर्माण रोकने का दारोमदार, वही कर रहे कार्यवाही से इंकार!!!




## जेएलएन मार्ग पर स्थित आवासीय भूखंड H-3,H-4,SL मार्ग,लाल बहादुर नगर,चंद्रकांता कॉलोनी पर बरसो तक चले मेरीज गार्डन उसके बाद रेस्टोरेन्ट, अब इसी जमीन पर बन गए गेम ज़ोन का मामला!!

# आखिर 10 अक्टूबर को खुल जाएगा "सेलिब्रेशन बाय हाउस ऑफ प्ले"



*भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(a) के तहत प्रकाशन एवं समस्त प्रकाशन IT Act 2000 के तहत उत्तरदायी सर्वाधिकार@www.jawabdosarkar.com




## जेडीए के ज़ोन 4 मे स्थित आवासीय भूखंड संख्या H-3,H-4,SL मार्ग,लाल बहादुर नगर,चंद्रकांता कॉलोनी पर बन रहे गेम ज़ोन "सेलिब्रेशन बाई हाउस ऑफ प्ले" का मामला|

जैसा कि आपके इस मामले की पहली रिपोर्ट मे बताया गया था कि जेडीए के ज़ोन 4 मे स्थित आवासीय भूखंड संख्या H-3,H-4,SL मार्ग,लाल बहादुर नगर,चंद्रकांता कॉलोनी पर गेम ज़ोन **"सेलिब्रेशन बाई हाउस ऑफ प्ले"** का निर्माण कार्य चल रहा है और इसका 10 अक्टूबर को उदघाटन किया जाना है|ज्ञातवय है कि इस भूखंड पर पूर्व मे शिवम गार्डन के नाम से मेरेज गार्डन चलाया जा रहा था,जिसे बंद कर रेट्रो नामक रेस्टोरेन्ट चलाया गया|इस वर्ष कोरोना काल के लॉकडाउन मे इस रेस्टोरेन्ट की जगह गेम ज़ोन **"सेलिब्रेशन बाई हाउस ऑफ प्ले"** का निर्माण कार्य चालू कर दिया गया|

## जेडीए के जिम्मेदार प्रवर्तन अधिकारी कार्यवाही करने की बजाय दे रहे सफाई|

आपको बता दें कि इस मामले को हमारे द्वारा समय रहते जेडीए के संज्ञान मे लाया गया था,लेकिन जेडीए ज़ोन 4 के जिम्मेदार प्रवर्तन अधिकारी द्वारा यह कह कर प्रकरण बंद करने की कोशिश की गयी कि ***"पूरी रोड पर व्यवसायिक गतिविधियां संचालित है,नीतिगत निर्णय लेकर समान कार्यवाही की जाएगी"*** जबकि होना तो यह चाहिए था कि इस अवैध निर्माण को चिन्हिकरण रिपोर्ट के लिए ज़ोन कार्यालय मे भेजा जाता और उसके बाद इसे सील करने की प्रक्रिया अपनायी जाती|लेकिन शायद जेडीए के जिम्मेदार अधिकारियों ने इतनी मेहनत करना जरूरी नहीं समझा और टका से जवाब देकर अपने दायित्व से इतिश्री कर ली|

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 3 | Jaipur Development Authority (J D A) , Enforcement Officer , ( Zone ) , Enforcement Officer - 4 | , , , | Remarks | 20-Sep-2021 | महोदय पूरी रोड पर व्यावसायिक गतिविधियां संचालित है जिसके संबंध में नितीगत निर्णय लिया जाकर समान कार्यवाही की जायेगी ाा |
| 4 | Jaipur Development Authority (J D A) , Enforcement Officer , ( Zone ) , Enforcement Officer - 4 | , , , | Partially Closed :Relief | 20-Sep-2021 | महोदय पूरी रोड पर व्यावसायिक गतिविधियां संचालित है जिसके संबंध में नितीगत निर्णय लिया जाकर समान कार्यवाही की जायेगी ाा |

## जेडीए के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा दिया गया गैर-जिम्मेदाराना जवाब|

**जेडीए द्वारा "सेलिब्रेशन" के सामने रोड के दूसरी तरफ के भूखंड संख्या एफ़-1,ई-1,ई-10/1 एस-9 से एस-17 लाल बहादुर नगर को गत वर्ष 09/11/2020 को सील किया गया था|**




| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| भूसं. एफ–1, ई–1, ई–10/1, एस–9 से एस–17 लाल बहादुर नगर, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर। | 09.11.2020 | भूसं. एफ–1, ई–1, ई–10/1, एस–9 से एस–17 लाल बहादुर नगर, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर में व्यवसायिक निर्माण किये जाने के कारण उक्त भवन को सील किया गया। | व्यवसायिक | वर्तमान में सील है। |

## इसी गेम ज़ोन के सामने के भूखंड को जेडीए द्वारा किया जा चुका है सील और इसी रोड पर संचालित शराब की दुकान को जेडीए दे चुका है नोटिस|

आपको बता दें कि जेडीए प्रवर्तन मे लगे हुए पुलिस के इंस्पेक्टर कितनी ही चालबाजियाँ करे,उनकी करतूते जेडीए के मुख्य प्रवर्तन नियंत्रक श्री रघुवीर सैनी से छुपी हुई नहीं है और वह इसके इतर शहर मे हो रहे अवैध निर्माणों पर नजर रखने के लिए तीसरी आँख का उपयोग करते है| इसी के चलते उनके द्वारा इसी गेम ज़ोन के सामने के भूखंड को जेडीए द्वारा सील किया जा चुका है और इसी रोड पर संचालित शराब की दुकान **"दी लिकर मार्ट"** को नोटिस दे चुका है यह अलग बात है कि गलत तथ्यों के आधार पर अवैध निर्माणकर्ता ने स्टे ले रखा है|सवाल यह है जब जेडीए इस सड़क पर बन रहे अवैध निर्माणों के विरुद्ध कार्यवाही कर रहा है तो फिर जिम्मेदार अधिकारी को इस अवैध निर्माण पर कार्यवाह करने मे परेशानी क्यूँ हो रही है?

## जेडीए ज़ोन 4 के प्रवर्तन अधिकारी श्री विनोद जाखड़ को अवैध निर्माणकर्ताओं से मिलीभगत के चलते किया गया जेडीए से रवाना|


आपको बता दें कि अवैध निर्मांकर्ताओं/भूमाफियाओं से साँठ-गांठ के चलते पूर्व मे भी जेडीए के कई प्रवर्तन अधिकारियों को उनके मूल विभाग मे भेजा जा चुका है|हाल ही मे उन्होने काम मे कोताही बरतने के चलते ज़ोन 4 मे तैनात विनोद जाखड़ को रवाना किया है|

## बिना अनुमति,बिना भू-उपयोग परिवर्तन करवाए,बिना पार्किंग कैसे चल सकता है यह अवैध गेम ज़ोन “सेलिब्रेशन बाई हाउस ऑफ प्ले”?




आपको बता दें कि जेडीए विनियमों के अनुसार बिना अनुमति,बिना बिना भू-उपयोग परिवर्तन करवाए,बिना पार्किंग सुविधा के आवासीय भूखंडो मे व्यवसायिक गतिविधियां गैर-कानूनी है|जिसके चलते उन्हे सील करने का प्रावधान है लेकिन इसके बावजूद इस अवैध गेम ज़ोन “सेलिब्रेशन” का ना केवल निर्माण किया गया बल्कि इसे जेडीए की प्रवर्तन शाखा के अवैध संरक्षण मे 10 अक्टूबर से संचालित भी किया जाएगा|

### जवाब मांगते सवाल?



facility area/open area or the set-backs, shall remain stayed. The directions issued by this Court in Gulab Kothari's case (supra) vide orders dated 20.01.2017 and 15.12.2018 shall be strictly followed. The State authorities shall ensure that no regularization of unauthorized occupation / construction is permitted in defiance of the directions issued by this Court in Gulab Kothari's case (supra). It is made clear that any regularization made in any town or city of the State in defiance of the directions issued by this Court in Gulab Kothari's case (supra), shall be viewed seriously and dealt with sternly.

List the matter on 22.10.2021, as prayed.

Rajasthan High Court Web Copy - Not Official

1. यदि इस आवासीय भूखंड मे नियम विरुद्ध व्यवसायिक गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है तो क्या जेडीए के जिम्मेदार अधिकारी माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा सिविल रिट पिटीशन 1554/2004 गुलाब कोठारी बनाम राजस्थान सरकार;मे दिये गए आदेशों की अवमानना के दोषी नहीं है?
2. जब जेडीए इसी रोड पर पहले भी अवैध निर्माण को सील करने की कार्यवाही कर चुका है तो इसे सील नहीं करने के बहाने क्यूँ बनाए जा रहे है?
3. जेडीए के किस जिम्मेदार अधिकारी द्वारा किस नियम-कानून के तहत इस अवैध निर्माण पर कार्यवाही करने की बजाय यह जवाब दिया कि ***“पूरी रोड पर व्यवसायिक गतिविधियां संचालित है,नीतिगत निर्णय लेकर समान कार्यवाही की जाएगी” ?***
4. क्या यह मामला जेडीए के प्रवर्तन नियंत्रक महोदय के संज्ञान मे आने के बाद वह इसे सील करने की कार्यवाही करने के आदेश जारी करेंगे?क्या वह संपर्क पोर्टल पर गलत जवाब देने वाले प्रवर्तन अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही करेंगे?
5. कौन है इस अवैध गेम ज़ोन का रसुखदार संचालक और इसे किराए पर देने वाला रसुखदार मकान मालिक?